चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पाठकपक्ष न्यूज	01.11.2024	--	--

हरियाणा दिवस पर विशेष

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हरियाणा प्रदेश के साथ नए संकल्पों व लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा

-पाठकपक्ष डेस्क-

प्रदेशवासियों को 58वें हरियाणा दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। हम सबके लिए यह बड़े गर्व का विषय है कि आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हरियाणा प्रदेश के साथ नए संकल्पों व लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विश्वविद्यालय आज सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। मैं इन सफलताओं के पीछे रीढ़ की तरह काम करने वाले अपने शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने अधिकार व दायित्व में सामंजस्य बनाए रखकर विश्वविद्यालय के शिक्षा, अनुसंधान व विस्तार कार्यक्रमों में अनेक उपलब्धियां हासिल करने के साथ विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन में योगदान दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी साख बढाई है। इसी प्रकार कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर छलांग लगाई है। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा।

आज हरियाणा की गेहूं की औसत पैदावार 49.25 क्विंटल प्रति हैक्टेयर एवं सरसों की औसत पैदावार 20.58 क्विंटल प्रति हैक्टेयर है। हरियाणा बासमती चावल के लिए भी विशेष रूप से विख्यात है तथा देश के 60 प्रतिशत से अधिक बासमती चावल का निर्यात केवल हरियाणा से ही होता है और देश के कुल खाद्यान्न में 17 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। विश्वविद्यालय ने अब तक अन्न, फल, सब्जी, तिलहन और चारा की 295 किस्में विकसित की हैं।

हकृवि ने विगत वर्षों में 119 तकनीकों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की प्राप्ति हेतु भारतीय पेटेंट की डिजाइन व ट्रेडमार्क तथा कॉपीराइट आफिस में आवेदन किए। जिनमें से अभी तक 54 तकनीकों के लिए अधिकार प्रदान हुए है। पिछले 3 वर्षों में उल्लेखीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय में 6 पेटेंट, 11 कॉपीराइट व 11 डिजाइन सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त हुए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का नाम आज विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों में शुमार है। यहां के छात्रों का न केवल देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए चयन हो रहा है अपितु विदेशों में भी फैलोशिप पर जा रहे हैं और दूसरे देशों के छात्र भी यहां पढ़ने आ रहे हैं।

यह विश्वविद्यालय भविष्य में भी तरक्की के नए मुकाम बनाता रहेगा और किसानों की इसी प्रकार से सेवा करता रहेगा। इसी कामना के साथ प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रो. बी.आर. काम्बोज
कुलपति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार	2-11-24	5	4-5

नये संकल्पों व लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

हिसार, 1 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): प्रदेशवासियों को 58वें हरियाणा दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। हम सबके लिए यह बड़े गर्व का विषय है कि आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हरियाणा प्रदेश के साथ नए संकल्पों व लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विश्वविद्यालय आज सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। मैं इन सफलताओं के पीछे रीढ़ की तरह काम करने वाले अपने शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने अधिकार व दायित्व में सामंजस्य बनाए रखकर विश्वविद्यालय के शिक्षा, अनुसंधान व विस्तार कार्यक्रमों में अनेक उपलब्धियां हासिल करने के साथ विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन में योगदान दिया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

(नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फेमवर्क (एनआईआरएफ)में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी साख बढाई है। इसी प्रकार कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर छलांग लगाई है। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। यह विश्वविद्यालय भविष्य में भी तरक्की के नए मुकाम बनाता रहेगा और किसानों की इसी प्रकार से सेवा करता रहेगा। इसी कामना के साथ प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएं।